वर्ष 28 अंक 240
पृष्ठ 24
बरेली, शुक्रवार
12 मई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

PAGE NO 05 : TOP MIDDLE

आधुनिक अन्नदाता प्रमाण पत्र वितरण समारोह 16 को

श्रीराममूर्ति स्मारक इंजीनियर कॉलेज परिसर में होगा आयोजन

जागरण संवाददाता, बरेली : स्वस्थ मिट्टी, सुखी किसान और समर्थ नौजवान के उद्देश्य से दैनिक जागरण की ओर से चलाए जा रहे आधुनिक अन्नदाता अभियान के तहत 16 मई को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम होगा। पूर्वान्ह 11 बजे बरेली के भोजीपुरा में नैनीताल रोड स्थित श्री राममूर्ति इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को यह प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के संगठक, नमामि गंगे, कृषि, किसान मोर्चा, ग्रामीण विकास के प्रभारी हृदय नाथ सिंह होंगे। जबकि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णा राज समेत विभिन्न हस्तियां समारोह में शिरकत करेंगी।

दैनिक जागरण ने बीते वर्ष आधुनिक अन्नदाता अभियान का आगाज किया था। इसके तहत रुहेलखंड के चारों जिलों में मृदा परीक्षण को लेकर किसानों को जागरूक किया गया था। बाद में इस अभियान को दैनिक जागरण के नॉलिज पार्टनर गैपशम के विशेषज्ञों ने धरातल पर उतारा। पूरे मंडल में ग्रामीण क्षेत्र के करीब सात सौ से ज्यादा शिक्षित नौजवानों को मृदा परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

गैपशम ने यह प्रशिक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (पूसा) की ओर से ईजाद की गई एसटीएफआर मशीन के माध्यम से दिया गया। मृदा परीक्षण के लिए यह सबसे सस्ती और आधुनिक मशीन है।

इंतजार खत्म

- भाजपा के वरिष्ठ नेता ह्दयनाथ सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे
- केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज समेत विभिन्न हस्तियां समारोह में करेंगी शिरकत

ऐसे चली यह खास मुहिम

जागरण ने पिछले साल 27 नवंबर को आधुनिक अन्नदाता कार्यक्रम का आगाज आंवला से किया था। जागरण की छह महीने की कोशिश के बाद मिट्टी जांच के नमूनों की संख्या दोगुनी हो गई है।

ये भी रहेंगे मौजूद

विशेष अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद, बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, रिलायंस पॉवर रोजा के निदेशक वी.प्रसाद, एसआरएमएस ट्रस्ट के देवमूर्ति, मंडलायुक्त पीवी.जगनमोहन, जिलाधिकारी डॉ.पिंकी जोवेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह, गैपशम के सीईओ सौरभ गौतम आदि मौजूद रहेंगे। आधुनिक अन्नदाता प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कृषि वैज्ञानिक किसानों को आधुनिक फसल के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।